प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

झुका फार्म सितारगंज में कृषक प्रशिक्षण एवं पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित

पंतनगर 23 नवम्बर 2022। विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, मेरठ द्वारा वित्त पोषित अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना–फ्रिजवाल के अन्तर्गत ग्राम झुका फॉर्म, सितारगंज में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, पशु प्रजनन, डा. चन्द्र वीर सिंह द्वारा किया गया। डा. सी.वी. सिंह ने सभी गोपालकों एवं परियोजना टीम सदस्यों का उत्साहवर्धन के साथ–साथ गाय एवं गो–वत्सों की देख–रेख एवं आवास व्यवस्था के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला।

कृषक प्रशिक्षण के दौरान गौ–पालकों की समस्याओं के समाधान के साथ–साथ शिवर में कुल 10 गोपशुओं का स्वास्थ्य निरीक्षण कर उपचार दिया गया। पशुओं का स्वास्थ्य निरीक्षण एवं उपचार प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, पशु चिकित्सा एवं प्रसूति विभाग, डा. शिव प्रसाद द्वारा किया गया। साथ ही क्षेत्र में लम्पी रोग से संक्रमित पशुओं के रोक–थाम हेतु औषधी एवं अन्य पशुओं के बचाव व देख–रेख की भी जानकारी दी। सिविर में परियोजना अधिकारी, डा. चन्द्र भान सिंह द्वारा परियोजना के उद्देश्य एवं इससे पशु पालकों को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया। डा. बी.एन. शाही, सह–प्राध्यापक, पशु प्रजनन विभाग द्वारा गाबिन बछियों की प्रसवोपूर्व एवं प्रसवोपरान्त देख–भाल हेतु जानकारी दी। डा. रिपूसुदन, सहायक प्राध्यापक, पशु पोषण विभाग, द्वारा पशु पालकों पशु को संतुलित एवं पोषक आाहार बनाने की विधि बताते हुए पशु पालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशु पालन करने के लिए पशु पालकों का आह्वान किया गया। शिवर का संचालन एवं धन्यवाद प्रस्ताव परियोजना अधिकारी, डा. चन्द्र भान सिंह द्वारा किया गया। शिविर में कुल 52 पशु पालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम में पशुपालकों को पशु संबंधित कीट प्रदान करते वैज्ञानिक।